सिटीएक्टिविटी

पल्स पोलियो अभियान में दीं सेवाएं

भोपाल। राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान 2024 के अंतर्गत जिले के समस्त क्षेत्रों में 23 से 25 जून तक पल्स पोलियो अभियान चलाया गया। इसमें यूपीएचसी स्वास्थ्य केंद्र गुलाबी नगर बागसेवनिया की टीम के बीएमओ ऑफिसर डॉ. अश्विनी भंबल, डॉ आशीष शर्मा, शिवानी, ज्ञान भारती के साथ ही रासेयो यूटीडी इकाई बरकतउल्ला विवि से कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोहित राजवैद्य एवं इकाई कैंपस एंबेसडर बीरबल परमार के मार्गदर्शन में स्वयं सेवक सतीश जाटव, राजीव दुबे, देवाशीष गुप्ता, तुलिका तिवारी एवं लबोनी डे द्वारा अभियान में अपनी सेवाएं दी गईं।

भक्ति में लीन होने से मिलता यशः मुकेश महाराज

संत नगर। संत हिरदाराम नगर में चल रही महामृत्युंजय शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथा वाचक मुकेश महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि भक्ति में लीन मानव को यश मान, सम्मान और प्रतिष्ठा अपने आप मिलती है। प्रभु की भक्ति में लीन इंसान को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन उससे उन्हें घबराना नहीं चाहिए। संसार में बुराई करने वाले लोगों से कभी घबराइए मत। हनुमान जी की पूंछ में भी आग विरोधियों ने लगाई थी, परंतु उसी पूंछ ने लंका में आग लगाई थी। मुकेश महराज ने आगे कहा कि अपने गुरु की महिमा का खूब गुणगान करिए, परंतु किसी दूसरे की आलोचना न करें, सबका सम्मान करिए।

रैली में दिया नशा मुक्ति का संदेश

भोपाल। एमवीएम ग्राउंड पर मंगलवार को सुबह 7 बजे एनडीआरएफ उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में 11 एनडीआरएफ आरआरसी भोपाल के एफसमांडेंट रवि सिंह के दिशा निर्देश में और निरीक्षक निलेश दीवानिया की अगुवाई में एएसपी फिजिकल ग्रुप भोपाल के बच्चों के साथ एमवीएम ग्राउंड पर नशा मुक्त रैली आयोजित की गई। इसमें नशे से दूर रहने के लिए लोगों को संदेश दिया गया और नशा ने करने की अपील की गई। इसमें कोच अभय सिंह पटेल, अंकित कुमार, शिवम लक्ष्कार, त्रिलेख खरच्वाह, सचिन चौहान आदि मौजूद थे।

संस्कार विद्यालय में हनुमान चालीसा पाठ

संत नगर। संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। इसी कड़ी में इस मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय मुख्य अतिथि सबधानी कोचिंग इंस्टीट्यूट के संचालक आनंद सबधानी, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी की उपस्थिति में एक हजार बच्चों ने अनुशासन में स्वरबद्ध हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान बसंत चेलानी ने कहा कि विद्यालय में 1 वर्ष से अधिक समय से हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है। अब हमें हनुमान चालीसा के पाठ के साथ-उसके अर्थ को समझना चाहिए।

नगर निगम कर्मियों ने ज्ञापन सौंपा

भोपाल। नगर निगम कर्मचारियों ने सातवें वेतनमान की आखिरी किश्त का भुगतान किए जाने की मांग की है। इस बारे में प्रगतिशील नगर निगम कर्मचारी विकास उत्थान कल्याण समिति के अध्यक्ष सुरसरि पटेल के साथ ही मोहम्मद कादिर, सावित्री सिंह, ऋषि नहरिया, बृजलाल कुशवाहा, रवि सिंह यादव ने नगर निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया गया है कि सभी विभागों में सातवें वेतनमान का पूर्ण भुगतान हो चुका है, सिर्फ नगर निगम कर्मचारियों को नहीं किया गया है। इस पर निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने आश्वस्त किया कि इस मामले में निगम कमिश्नर से चर्चा करके शीघ्र ही भुगतान सुनिश्चित करवाएंगे।

आपातकाल के दिनों को याद करते हुए हवा में छोड़े काले गुब्बारे

पीपुल्स संवाददाता • संतनगर
मो.नं. 8602467816

गुरुनानक मंडल ने शहीदी गेट पर मीसाबंदियों का मंगलवार को शॉल-श्रीफल से सम्मान किया ।

कांग्रेस द्वारा आपातकाल लगाए जाने के 50 वर्ष होने के अवसर पर गुरुनानक मंडल द्वारा मीसाबंदियों का शॉल-श्रीफल एवं भारत माता का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर काले कपड़े पर काला दिवस लिखकर एवं काली पट्टी बांध कर हवा में काले गुब्बारे भी छोड़े गए।

इस दौरान मीसाबंदियों ने आपातकाल के दौर का स्मरण करते हुए बताया कि किस प्रकार कांग्रेस ने सत्ता के स्वार्थ और अहंकार में देश पर आपातकाल थोपकर लोकतंत्र को हत्या कर दी थी। इस अवसर पर मीसाबंदी बिहारी लाल लोकवानी, गोविंद डांडवानी, दिलीप शर्मा, दौलत भरानी, रामजीवन दुबे, मांगीलाल बाजपई, गुरमुखदास लखमानी समेत 11 मीसाबंदी मौजूद थे।

उस समय लाखों लोगों ने संघर्ष किया: कुकरेजा

मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा कि आज ही के दिन 1975 में एक परिवार ने अपने हाथ से सत्ता निकलने के डर से जनता के अधिकारों को छीन व लोकतंत्र की हत्या कर देश पर आपातकाल थोपा था। उस कठिन समय में अनेक यातनाएं सहकर लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए लाखों लोगों ने संघर्ष किया। मैं उन देशभक्तों को दिल से नमन करता हूं। इस मौके पर देवेंद्र भार्गव ने सभी मीसाबंदियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कृष्ण पिंगल संकष्टी चतुर्थी पर मंदिरों में किए गए अनुष्ठान

भोपाल। आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि कृष्ण पिंगल संकष्टी चतुर्थी मनाई गई। इस दौरान गणेश मंदिरों में विशेष अनुष्ठान के साथ पूजा-अर्चना की गई। रात में चंद्र देव का पूजन किया गया।

पं. विष्णु राजौरिया ने बताया कि गणेशजी के भक्तों ने व्रत रख पूजा-अर्चना की। शुभ योग शिव वास का निर्माण हुआ है, इसलिए इसे विशेष माना गया। संकष्टी चतुर्थी की रात चंद्रमा की पूजा की गई। महिलाओं ने पति की लंबी उम्र, सौभाग्य व संतान प्राप्ति के लिए संकष्टी चतुर्थी व्रत रखा।

11 जगह लगेगी आरएफआइडी, इसके बिना नहीं होंगे दर्शन

पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए आज रवाना होंगे 300 यात्री

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

29 जून से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के आरएफआइडी यानी फ्रीकवेंसी आइडेंटिफिकेशन डिवाइस कार्ड जम्मू और श्रीनगर में 11 स्थानों पर बनाए जाएंगे। इसमें एक चिप लगी होती है। इससे अमरनाथ श्राइन बोर्ड को यात्री की लोकेशन पता चलती है। बोर्ड ने कहां-कहां यह कार्ड बनेंगे, उन स्थानों की घोषणा कर दी है। जरूरत पड़ी तो ऐसे स्थानों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। वहीं दूसरी ओर बोर्ड ने अमरनाथ यात्रा मार्ग पर लगने वाले लंगर संचालकों को पंडाल में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए हैं।

यात्रा के दोनों मार्ग पहलगाम और बालटाल के बेस कैंपों में पवित्र गुफा की ओर जाने वाले हर यात्री को रजिस्ट्रेशन नंबर और आधार कार्ड दिखाने पर आरएफआइडी दी जाएगी। इसके बिना वह बाबा के दर्शन के लिए नहीं जा सकेगा।

आरएफआइडी रीडर मशीन में दिखेगा सारा डेटा

अमरनाथ यात्रा के मार्ग पर कई जगह आरएफआइडी रीडर मशीनें लगाई जाएंगी। जैसे ही कोई यात्री इसके पास से निकलेगा, तो मशीन में उसका सारा डेटा दिखने लगेगा। अभी यह मशीनें पंचतरणी, शेष नाग, पिस्सू टाप, चंदनबाड़ी, काली माता मंदिर, बर्फानी बाबा की गुफा व बरारी मार्ग आदि पर लगाई जाएंगी। आरएफआईडी बालटाल, पंथ चौक, श्रीनगर एयरपोर्ट, नूनवान पहलगाम, हेलीपेड नीलघाट, यात्री निवास, महाजन हाल, गीता भवन, जम्मू रेलवे स्टेशन, आदि में बनाए गए बेस कैंप में लगाई जाएंगी।

27 को रवाना होगा दूसरा जत्था

राजधानी से पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था बुधवार को भोपाल रेलवे स्टेशन से रवाना होगा। इस जत्थे में 300 श्रद्धालु शामिल रहेंगे, जो अमरनाथ के दर्शनों के लिए रवाना होंगे। इसके बाद पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था 27 जून को रवाना होगा, जबकि भोपाल से श्रद्धालुओं का सबसे बड़ा जत्था आगामी 10 जुलाई को अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होगा। इस जत्थे में करीब 700 श्रद्धालु रवाना होंगे। पहले जत्थे में जाने वाले यात्रियों को शिव शक्ति सेवा मंडल की ओर प्रशिक्षण दिया गया है। मंडल के नेतृत्व में पहला जत्था रवाना होगा। यात्रा में शामिल लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया है। इसके साथ ही लोगों को ठहराने के वहां व्यवस्था की गई है। इससे लोगों को यात्रा के दौरान कोई दिक्कत न हो।

पूरे भोपाल के लिए सीवेज प्लान बनाकर जमीन पर उतारा जाए : विधायक

एसीएस की अध्यक्षता में हुई बैठक में रामेश्वर शर्मा ने उठाई मांग

पीपुल्स संवाददाता • संतनगर
मो.नं. 8602467816

विधायक रामेश्वर शर्मा ने भोपाल संभागीय बैठक में विकास संबंधी विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर एसीएस मोहम्मद सुलेमान की अध्यक्षता में आयोजित भोपाल संभागीय बैठक में विधायक रामेश्वर शर्मा ने शामिल होकर भोपाल एवं हुजूर विधानसभा के विकास संबंधी विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण भोपाल का विस्तृत सीवेज प्लान तैयार कर उसे जमीन पर उतारा जाए, अलग-अलग काम होने से पैसे की बर्बादी होती है और जनता भी परेशान होती है। अमृत योजना 2 के अंतर्गत 1009 करोड़ के टेंडर जल्द से जल्द लगाए जाएं। वहीं कलियासोत नदी के पास ननि द्वारा जारी अनुमतियों पर एनजीटी के दबाव में नगर निगम नोटिस जारी कर रहा है ये गलत है।

गोहत्या मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करे सरकार: शंकराचार्य

भोपाल। सिवनी में सामूहिक गोहत्या से संतों में भारी नाराजगी है। इस मामले में जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने सरकार से संज्ञान लेने की बात कही है।

उन्होंने कहा कि इसके पीछे किसकी मानसिकता है। इस मामले के साजिशकर्ता का पर्दाफाश होना चाहिए। बतौर हिंदू समाज के धर्माचार्य होते हुए इस प्रकरण पर बोलने से हमें कोई नहीं रोक सकता। हालांकि सरकार ने सिवनी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक हो हटाया है, लेकिन यह इस समस्या का हल नहीं है।

न्यायालय नायब तहसीलदार
बैरागढ़ वीचली वृत्त
तहसील कोलार भोपाल (म.प्र.)
प्र.क्र 444/0760/9910/2024
:: इश्तहार ::
आवेदक दमोदर प्रसाद मरकम आ. श्री विष्णु प्रसाद मरकम निवासी ग्राम हिनोतिया आलम कोलार रोड द्वारा ग्राम हिनोतिया आलम स्थित खसरा नंबर/प्लाट नंबर 170, 171, 172/4/1 क्षेत्रफल 840 वर्गफुट पर विक्रय पत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 09.07.2024 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।
नायब तहसीलदार
तहसील कोलार जिला भोपाल

शुद्धिपत्र
ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., कार्यालय नं. 201-बी, दूसरी मंजिल, रोड नं.1 प्लाट नं.-बी3, वाईआई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रीयल एस्टेट, ठाणे, महाराष्ट्र-400604
पीपुल्स समाचार (हिन्दी), भोपाल संस्करण में दिनांक 05-03-2022 को प्रकाशित पृष्ठ संख्या 05 पर उधारकर्ता के नाम मेसर्स गीता ऑटोमोबाइल्स, लैन संख्या 382605500015 के अंतर्गत प्रकाशित 13.2 डिमांड नोटिस के विज्ञापन का संदर्भ लें। नोटिस भेजने की तिथि में अनजाने में हुई गलती के कारण 25-फरवरी-2022 के बजाय 14-फरवरी-2022 उल्लेखित की गई थी। इसलिए, हम इसे 25-फरवरी-2022 के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। जबकि उपरोक्त नोटिस में अन्य सामग्री अपरिवर्तित रहती है।
दिनांक : 26 जून, 2024
स्थान : भोपाल एवं सागरपुर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

मंडी में दुकानों के सामने नक्शे से हटकर लगाई गईं जालियां हटेंगीं

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9425493055

एप्रूव्ड नक्शे से हटकर बेवजह करोंद मंडी में जी प्लस 3-नवीन व्यावसायिक परिसर में 22 दुकानों के सामने लगी जालियां हटेंगी। वहीं इन जालियों को लगवाने में खर्च हुए लाखों रुपए की वसूली भी संबंधित कर्मचारियों से होगी।

इस बारे में थोक सब्जी विक्रेता कल्याण संघ ने संयुक्त संचालक मंडी बोर्ड ऋतु सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए बेवजह दुकानों के सामने लगवाई गई जालियों को हटवाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में थोक सब्जी विक्रेता कल्याण संघ के अध्यक्ष मोहम्मद नसीम, महामंत्री आशीष पचौरी के साथ राम कुकरेजा, करन सिंह कुशवाह, मोहम्मद मुदस्सर हसन, मोहम्मद सलीम कादर, मोहम्मद मुश्ताक, मोहम्मद फराज, आमिर खान, आबिद अली शामिल थे। कारोबारियों ने बताया कि करोंद मंडी के नवीन व्यवसायिक परिसर में निर्मित 22 दुकानों की नीलामी वर्ष 2021 में की गई है, जिनके सामने बाद में मंडी प्रशासन ने जून 2023 में जालियां लगवा दीं। हालांकि नक्शे में जालियां नहीं लगी थीं। साथ ही नीलामी के बाद भी इस बारे में कोई बात नहीं की गई। दुकानों के सामने जालियां लगने से व्यापारियों और किसानों का इन दुकानों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है।

जिम्मेदारी निर्धारित होगी

मंडी समिति या बोर्ड में इस बारे में कोई प्रस्ताव पास नहीं हुआ, न ही कोई जानकारी है। ऐसे में एप्रूव्ड नक्शे से हटकर लगी जालियां हटवाई जाएंगी। बेवजह जालियां लगवाने में खर्च राशि की वसूली के लिए जिम्मेदारी का निर्धारण होगा।
– ऋतु सिंह चौहान, संयुक्त संचालक, मंडी बोर्ड

कार्यालय राजस्व निरीक्षक स.नि.मं.01
रायडिया तहसील-कोलार जिला भोपाल (म.प्र.)
रा.प्र.प्र.0434/31-12/2023-24
बाब का नाम: राजस्व वसियतोली
प.ह.नं.01, तहसील कोलार जिला भोपाल
- :सूचनापत्र (पत्ती सीमांकन) :-
पति
1. श्रीमती नीता टेवी पत्नी श्री डी. पी. के. वाधवानी, नि. भोपाल 2. श्रीमती नवनाल अली पत्नी श्री एस. एम. अली, बी-10, हमदा बिजनसुटीन कालोनी, भोपाल 3. हिलटाप्पल वाह विजीन स. समिति, मर्ग, भोपाल, जी.आर.बी. अध्यक्ष एटीए अवधान आ. वी.बी.एल. अवधान नि. प्रोपेसर कॉलोनी, भोपाल 4. श्रीमती सुलीन पत्नी श्री ममेश पटेरिया नि. भोपाल 5. बिरेन्दर अली आ. श्री एस. एम. अली नि. भोपाल बाब कोटरा 6. अन्य सभी पड़ोसी भूमिस्वामी।
विषय-सीमांकन किये जाने हेतु बाबत् सूचना पत्र।
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री निर्मिल अवधान पिता श्री. वी.बी. बुधान द्वारा बाब राजस्व दाखिलालेख, प.ह.नं. 04, तहसील कोलार जिला भोपाल में स्थित, भूमि खसरा नंबर 248/2, 240/3, 247/2, 248 रकबा 0.3200 है., 0.2500 है., 0.0400 है., 0.1400 है. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा दिनांक 28/06/2024 को समय प्रातः 12:00 बजे स्थल पर किया जावेगा। पड़ोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमांकन में कोई अपत्ति होने निकत दिनांक एवं समय पर स्थल पर स्वयं या भूमि के स्वत्व संबंधी एवं अनुसूचित दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य बिना सूचना के किया जावेगा। बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। अपरापरपक्ष सहपठित कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक से पश्चिमत किया जा सकता है। पड़ोसी भूमिस्वामी का पता स्थान न होने से आवेदक स्वयं से व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में करवाया जा सकता है।
आज दिनांक 20/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
राजस्व निरीक्षक
तहसील कोलार भोपाल

मंदाकिनी से दानिश चौराहे तक मार्ग को दुरुस्त करने की मांग

भोपाल। कोलार रोड के वार्ड क्रमांक-82 में मंदाकिनी चौराहे से जेके अस्पताल होते हुए दानिश चौराहे तक सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं। हालांकि इनके सुधार कार्य का वर्क ऑर्डर भी ठेकेदार को हो चुका है। मगर पीडब्ल्यूडी द्वारा कोई सुधार कार्य अभी नहीं किया जा रहा है, जिस कारण आम जनता बुरी तरह परेशान हो रही है।

इस समस्या के मद्देनजर कांग्रेस कमेटी भोपाल के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ ने पीडब्ल्यूडी के राजधानी परियोजना मंडल के अधीक्षण यंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि अगर 72 घंटे में इस सड़क का सुधार कार्य किया गया तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

ADITYA BIRLA CAPITAL
प्रोटेक्टिंग इन्वेस्टींग फायनेंसिंग एडवाइसिंग
आदित्य बिड़ला फायनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: इंडियन रेयॉन कंपाउंड, वेरावल, गुजरात 362266
शाखा कार्यालय: रूम नं. 401, चौथी मंजिल, केमेक स्केवर, 24 केमक स्ट्रीट, कोलकाता-700016
शाखा कार्यालय : द्वितीय मंजिल, विजया बिल्डिंग, 17 बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001
परिशिष्ट- IV-ए
[नियम 9(1) सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का प्रावधान देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस
वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (2002 का 54) के नियम 8(6) के परंतुक के साथ अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) अर्थात मे. श्री बाबा ट्रेडर्स के माध्यम से प्रोपराइटर, श्री मनोज कुमार उदासी, श्री सतीश कुमार उदासी, जिनके पास ऋण खाता संख्या ABFLBHOLAP0000053937 & ABFLBHOLAP0000095976 है, को सूचना दी जाती है। कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक है, जिसका भौतिक कब्जा आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, बंधक संपत्ति को 22.09.23 को देय रु. 2,07,37,507/- (दो करोड़ सात लाख सैंतीस हजार पांच सौ सात रुपये मात्र) और ऊपर वर्णित उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं) से सुरक्षित लेनदार को देय पूरी बकाया राशि की वसूली की तारीख तक उस पर आगे ब्याज और अन्य खर्चों की वसूली के लिए 16-07-2024 को "जहां है जैसी है", "जो है जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य रु. 1,52,64,450/- (रुपये एक करोड़ बावन लाख चौसठ हजार चार सौ पचास मात्र) होगा और अग्रिम धनराशि रुपये 15,26,445/- (रुपये पन्द्रह लाख छब्बीस हजार चार सौ पैंतालीस मात्र) होगी।
अचल संपत्ति का विवरण
अचल संपत्ति का विवरण: वह सभी संपत्तियां जिनका क्रमांक: "दुकान क्रमांक बी-13, इसरानी मार्केट, हमीदिया रोड, नगर निगम, वार्ड क्रमांक- 18, तहसील- हुजूर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश में स्थित है" बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.adityabirlafinance.com or https://sarfaesi.auctiontiger.netपर दिए गए लिंक का संदर्भ लें।
दिनांक : 24.06.2024
स्थान : भोपाल (म.प्र.)
आयुष फिंगगरन
(प्राधिकृत अधिकारी)
(आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (वि / यां.)
संभाग क्र. 1, शेड नं. 11 - ए बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल
web site: www.mppwd.gov.in E-mail :- eepwdelecbpl@mp.nic.in
निविदा सूचना क्रं. 26 / तक / 2024-25 :: निविदा सूचना :: भोपाल दिनांक 19 / 06 / 2024
निम्नलिखित कार्य हेतु टेण्डर कम ऑक्शन पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

स. क्र.	ऑक्शन नं.	कार्य का नाम	आफसेट वैल्यू	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	2024_PWDRB_351871_1	इस संभाग के अधीन (वि./यां.) उपसंभाग क्र. 1, भोपाल के अंतर्गत (वि./यां.) माननीय मुख्यमंत्री निवास एवं निर्माण भवन अनुग्रमा में पड़े अनुपयोगी विद्युत सामग्री / उपकरणों की ई ऑक्शन	रू. 14,31,880.00	रू.28,638.00	रू.2000.00

निविदा के विस्तृत दस्तावेज एवं नियम व शर्तें वेबसाईट https://mptenders.gov.in से नि:शुल्क डाउनलोड की जा सकती है। निविदाकार को निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि केवल ई-भुगतान के माध्यम से ऑनलाईन ही जमा करना होगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं विब सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक 03.07.2024 सांय 5:30 बजे तक निर्धारित है। आनलाईन निलामी की प्रारम्भ तिथि दिनांक 08.07.2024 सुबह 10:30 बजे से एवं अंतिम तिथि दिनांक 08.07.2024 सायं 5:30 बजे तक निर्धारित है। किसी प्रकार के परिवर्तन / संशोधन का प्रचार प्रसार केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जायेगा ।
निविदा में प्राप्त सभी बिव / प्रस्ताव को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। अनुपयोगी सामग्री उल्लेखित उपसंभाग के सम्बंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं उपयंत्री के मो. नम्बर से सम्पर्क करें। उपसंभाग क्र. 1 हेतु अनु.अधि. मो. नं. 9755444489 / मुख्य मंत्री निवास 7999686552 / निर्माण भवन 9425377893, से सम्पर्क कर दिनांक 20.06.2024 से 03.07.2024 तक दोपहर 12.00 से 3.00 बजे के मध्य देखी जा सकती है।
कार्यपालन यंत्री
जी- 12350/24 लो.नि.वि. वि/यां. संभाग क्र. 1, भोपाल

JM FINANCIAL
जेएम फायनेंशियल एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
कार्पोरेट आइडेंटिफाई नम्बर: U67190MH2007PLC74287
पंजीकृत ऑफिस : 7वीं मंजिल, चेंबर्स, अप्पासाहेब मराठा मार्ग, प्रभादेवी, मुम्बई-400 025,
संपर्क व्यक्ति: 1. गौरव श्रीवास्तव-9479942515, 2. विशाल केवैते-9584966653 3. सिंदुजा पिल्लई-022-62241676
ई-नीलामी बिक्री सूचना-आगामी बिक्री
पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के धारा 5(1)(बी) के तहत सभी अधिकारों, शीर्षक और ब्याज के साथ अंतर्निहित सुरक्षा हित के साथ ऋण का एक पूल (नीचे उल्लिखित ऋण सहित) सौंपा है। जेएमएफआरसी (जेएम) के पक्ष में 29 मार्च, 2023 ("असाइनमेंट एग्रीमेंट") के एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 ("सरफेसी अधिनियम") का प्रवर्तन। (यहां असाइनी के रूप में संदर्भित) जेएमएफएआसी-अरण्या-ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य कर रहा है। सूचित किया जाता है कि PCHFL को असाइनमेंट/सेवा अनुबंध के माध्यम से सभी परिचालन और प्रक्रिया प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए सेवा प्रदाता/संग्रह एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत और नियुक्त किया गया है।
उधारकर्ताओं से देय राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत सुरक्षित ऋणदाता के अधिकृत अधिकारी द्वारा यहां उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति पर कब्जा करने के लिए, अचल संपत्ति की खरीद के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जैसा कि यहां बताया गया है, जो भौतिक कब्जे में है, "जैसा है जहां है के आधार पर", "जैसा है जो है के आधार पर" और "जो है वह है के आधार पर", जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

ऋण कोड/खाता/ ऋणी(यों)/ सह ऋणी (यों)/ जमानतदार(यों)	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	अंतिम संपत्ति का पता	आरक्षित मूल्य	धरोहर जमा राशि (ईएमडी) (आरयी का 10%)	कुल बकाया राशि (20-06-2024)
ऋण कोड संख्याः 13400001022, सी बी आई भोपाल जेएमटी सिंड (शाखा), दीप चंद (उधारकर्ता),	दिनांकः 24-09-2021, रु. 6,63,520/- (रु. छह लाख तिरेसठ हजार पांच सौ बीस मात्र)	संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसका विस्तार है:- एच नंबर एच 25, उमा धाम, इंदौर रोड ग्राम खरखेड़ी भोपाल भोपाल मध्य प्रदेशः- 462001 सीमाएं:- उत्तरः प्लॉट नंबर एच-24 दक्षिणः प्लॉट नंबर एच-26 पूर्वः रोड पश्चिमः प्लॉट नंबर एच-12	रु. 8,30,000/- (रु. आठ लाख तीस हजार मात्र)	रु. 83,000/- (रु. तिरासी हजार मात्र)	रु. 10,00,972/- (रु. दस लाख नौ सौ बहत्तर मात्र)

ई-नीलामी दिनांक : 16-07-2024, 11.00 से 2.00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)
बोली जमा करने की अंतिम तिथि:-15-07-2024, 4 बजे से पहले
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://www.jmfinancialarc.com/Home/Assetsforsale OR https://www.bankauction.in.
सरफेसी अधिनियम के तहत उधारकर्ता/गारंटर/बंधक को वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना
उपरोक्त उल्लिखित ऋणी/गारंटर/ए/एफ/बंधक धारा 13(2) नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान नीलामी की तिथि से पहले तक अर्जित ब्याज के साथ पूर्ण रूप से करने के लिए देखा जाता है, जिसमें विफल होने पर संपत्ति की नीलामी/बेचा जाएगी और शेष राशि यदि कोई होगी उधारकर्ता/गारंटर से ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा
दिनांक: 26.06.2024
स्थान: म प्र
हस्ते/-(प्राधिकृत अधिकारी)
(अरण्य-ट्रस्ट)